3/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि टीबी के मामलों में कमी भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है। देश की प्रगति की सराहना करते हुए श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सामूहिक भावना के माध्यम से सरकार **टीबी मुक्त भारत** की दिशा में काम करती रहेगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में 2015 से 2023 तक टीबी के मामलों में 17 दशमलव 7 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह दर वैश्विक गिरावट 8 दशमलव 3 प्रतिशत से दोगुनी से भी अधिक है। कल सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि टीबी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए भारत के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को दर्शाती है।

000000000000000

राज्य के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने ‘खेलो इंडिया’ परियोजना के तहत वेस्ट कामेंग जिले के बोमडिला में एक मल्टी-स्पोर्ट स्टेडियम का उद्घाटन करते हुए, युवाओं से खेलों में शामिल होने और समाज में नशीली पदार्थों से होने वाली खतरों को रोकने में मदद करने का आग्रह किया। वेस्ट कामेंग जिले के अपने पहले दौरे के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि, अरुणाचल प्रदेश देश के सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक है, जहां शानदार इकोलोजी और साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाएं भरपूर हैं। श्री गुप्ता ने युवाओं से दिरांग स्थित निमास जैसे संस्थानों से जुड़कर साहसिक पर्यटन पाठ्यक्रम को अपनाने का आह्वान भी किया, जो इस क्षेत्र में पर्यटन को प्रभावी ढंग से बढ़ावा दे सकते हैं।

000000000000000

भारतीय सेना की गजराज कोर ने आज ऑपरेशन सद्भावना के तहत एक प्रेरणादायक राष्ट्रीय एकता यात्रा शुरू की, जिसमें महाबोधि स्कूल, तवांग के 15 उत्साही छात्रों सहित एक शिक्षक को दिल्ली, आगरा और भरतपुर की 10 दिवसीय यात्रा पर भेजा गया। कार्यक्रम के तहत एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि, इस पहल का उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश के युवाओं का दिमाग़ी तौर पर विकास कर उन्हें जीवन में आगे बढने में प्रोतसाहित करना एंव विकसित भारत की भावना का अनुभव करने का एक रोमांचक मौका प्रदान करेगा। यह छात्र भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित स्थलों का दौरा करेंगे जिनमें ताजमहल, ऐतिहासिक कुतुब मीनार, वृंदावन और आकर्षक नेहरू तारामंडल शामिल हैं।

000000000000000

गत शनिवार को पीरामल फाउंडेशन के ट्राइबल हेल्थ कोलाबोरेटिव द्वारा ज़ियोन इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग, निरजुली में हेल्थकेयर पेशेवरों के लिए एक कलचरल कोमपेंटेंसी यानी सांस्कृतिक क्षमता कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर के आदिवासी समुदायों में स्वास्थ्य संबंधी असमानताओं को दूर करने में हेल्थकेयर पेशेवरों की समझ और कौशल को बढ़ावा देना था। पीरामल फाउंडेशन के ट्राइबल हेल्थ कोलाबोरेटिव के कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. कालिंग दाबी ने आदिवासी समुदायों द्वारा की जाने वाली स्वास्थ्य असमानताओं पर प्रकाश डाला, और इस बात पर जोर दिया कि ये विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक निर्धारकों से प्रभावित हैं।

कार्यशाला का समापन एक संवादात्मक सत्र के साथ हुआ, जहाँ प्रतिभागियों ने अपने स्वास्थ्य सेवा अभ्यास में सांस्कृतिक क्षमता को एकीकृत करने के लिए व्यावहारिक रणनीतियों पर चर्चा की, जिससे आदिवासी आबादी के लिए अधिक समावेशी और प्रभावी सेवा वितरण सुनिश्चित हो सके।

000000000000000

'ऑपरेशन डॉन' पहल के तहत मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के अपने अथक प्रयासों के तहत, बांदरदेवा पुलिस ने गत शुक्रवार को एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में संदिग्ध हेरोइन जब्त की। नाहरलागुन एसपी मिहिन गाम्बो ने शनिवार को बताया कि पुलिस की टीम ने बोरुम गांव में स्कूटी सवार तस्कर को रोका और उसकी तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से संदिग्ध हेरोइन से भरा एक साबुन का डिब्बा बरामद किया, जिसका वजन 13.46 ग्राम था। इसी के तहत बांदरदेवा पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस अधिनियम, उन्नीस सौ पचासी की धारा इक्कीसवी के तहत मामला दर्ज किया गया है और अड़तीस वर्षीय आरोपी बाबुल इस्लाम को गिरफ्तार कर लिया गया है।

00000000000000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन -इसरो ने अंतरग्रहीय आवास में जीवन का अनुकरण करने के लिए लद्दाख के लेह में देश के पहले एनालॉग अंतरिक्ष मिशन की शुरूआत की है। यह कदम भारत की निकट भविष्य में चंद्रमा पर मानव भेजने की योजना की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

एनालॉग अंतरिक्ष मिशन पृथ्वी पर अंतरिक्ष वातावरण के साथ भौतिक समानताएं रखने वाले और अंतरिक्ष उड़ान अनुसंधान के लिए समस्या समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका वाले स्थानों का परीक्षण है। लद्दाख की भौगोलिक विशेषताओं के मंगल ग्रह और चंद्र परिदृश्य के समान होने के कारण ही इस क्षेत्र को एनालॉग मिशन के लिए चुना गया है। एक महीने तक चलने वाला यह मिशन भारत की चंद्रमा पर आवास स्थापित करने की योजना के अनुरूप अंतरग्रहीय मिशन शुरू करने के लिए आधार प्रदान कर सकता है।

000000000000000

न्यूज़ीलैंड ने भारत के साथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला तीन-शून्य से जीत ली है। मुम्बई में आज खेले गए तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में उसने भारत को 25 रन से हराया। जीत के लिए एक सौ सैतालीस रन के जवाब में भारत की टीम 121 रन पर सिमट गई। न्यूज़ीलैंड के एजाज पटेल ने चार विकेट लिए। कप्तान रोहित शर्मा मात्र 11 रन पर आउट हुए जबकि शुभमन गिल और विराट कोहली केवल एक-एक रन बना पाए।